अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 09–02–2016 को संभाग प्रथम के सभागार में संस्कृत साहित्य परिषद् के तत्वावधान में अन्तर्महाविद्यालय श्लोक लेखन, स्लोगन लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में आस–पास के कई महाविद्यालयों ने भाग लिया. यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन द्वारा दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर किया गया. इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया. श्लोक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कविता (बी.ए. द्वितीय वर्ष, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़), द्वितीय स्थान पर ज्योति गंगवार (बी.ए. द्वितीय वर्ष, के.एल. मेहता, फरीदाबाद) तथा तृतीय स्थान पर नूतन (बी.ए. द्वितीय वर्ष, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़) रही तथा सांत्वना पुरस्कार पूजा (के एल. मेहता, फरीदाबाद) को दिया गया. निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रश्मि (बी.ए. द्वितीय वर्ष, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़), द्वितीय स्थान पर मोनिका (बी.ए. तृतीय वर्ष, के.एल. मेहता, फरीदाबाद) तथा तृतीय स्थान पर पूनम (बी.ए. तृतीय वर्ष, के.एल मेहता, फरीदाबाद) रही. स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्या (बी.एस.सी बॉयोटेक, तृतीय वर्ष, के.एल. मेहता, फरीदाबाद), द्वितीय स्थान पर लता बी.ए. द्वितीय वर्ष, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ तथा तृतीय स्थान पर रचना बी.ए. द्वितीय वर्ष, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ रही. निर्णायाक मंडल में प्रो0 मिथलेश अग्रवाल (के.एल. मेहता, फरीदाबाद) और डॉ0 बॉके बिहारी थे तथा कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ0 बाँके बिहारी ने किया. कार्यक्रम का समापन संस्कृत विभगााध्यक्षा श्रीमती मंजू गुप्ता ने सभी का धन्यवाद कर किया.